Publication: Instant khabar	Edition: Online
Date: April 29, 2016	Page:

सीएल एज्यूकेट, व्हाइट ग्लो कंसल्टिंग मिलकर अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा उत्पादों को देंगे बढ़ावा

सीएल एज्यूकेट लि. और व्हाइट ग्लो कंसल्टिंग को-ब्राण्डेड अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक उत्पादों जैसे जीमैट, जीआरई, सेट-एक्ट प्रवेश तैयारी पाठ्यक्रमों को भारत के कुछ स्थानों, दुबई और अबुधाबी में बढ़ावा देने के लिए मिल कर काम करेंगे।

कैरियर लांचर पर निर्मित मौजूदा जीएमएटी प्रिपेशन क्लासेज, यह नया पाठ्यक्रम उच्चतर क्रम में विचार कौशल पर केन्द्रित है, जिसे आवेदक को परीक्षा में बढ़िया प्रदर्शन करने के लिए विशेषज्ञता प्रदान की जाती है। यह संयुक्त सहयोग के पाठ्यक्रमों का लक्ष्य अभ्यर्थियों को व्यापक सामग्री प्रदान करना है ताकि उन्हें परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त हो सकें। सीएल एज्यूकेट लि. के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री निखिल महाजन ने कहा ‘‘ हम इस प्रकार के सहयोग की आशा कर रहे थे और आशा है कि इससे पूरे देश के वैश्विक शिक्षा अभ्यर्थियों को लाभ मिल सकेगा।‘‘

इस अवसर पर व्हाइट ग्लो कंसल्टिंग के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव गंजू ने कहा ‘‘ हम जानते हैं कि उन भारतीय अभ्यर्थियों के लिए एमबीए प्रवेश परिदृश्य विशेषकर प्रतिस्पर्धी है जो विश्व के शीर्ष श्रेणी के बिजनेस स्कूलों में प्रवेश की आशा रखते हैं। हमें आशा है कि हमारे इस सहयोग से इस अंतर को भरा जा सकेगा।

Link: http://instantkhabar.com/business/item/31281-business.html#.VyDEqR_m56Y.gmail